महत्वपूर्ण एवं खास

कलेक्टर ने कैलेण्डर वर्ष 2023 के लिए घोषित की तीन स्थानीय अवकाश

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने नवगठित जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कैलेण्डर वर्ष 2023 में तीन स्थानीय अवकाश की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के जारी अधिसूचना के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने 20 जून 2023 मंगलवार को रथयात्रा, 13 नवंबर 2023 सोमवार गोवर्धन पूजा एवं 23 नवंबर 2023 गुरूवार देवउठनी एकादशी व्रत को जिले के स्थानीय अवकाश के रूप में घोषणा की है। उक्त अवकाश कोषालय/उप कोषालय तथा बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

खदान से कोयला चोरी कर ले जा रहे थे यूपी: दो गिरफ्तार, एक फरार

कोरबा (आरएनएस)। कुसमुंडा खदान से कोयला चोरी कर खपाने यूपी ले जाते समय ट्रेलर को पुलिस ने पकड़ा। वाहन में सवार तीन लोगों में एक कूदकर भाग निकला। वहीं पकड़े गए दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कुसमुंडा थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े ने बताया कि 22 चक्का ट्रेलर सीजी.11. बीई.4137 में कुसमुंडा खदान से अवैध रूप से कोयला लोड करने की सूचना मिली। इसके आधार पर उक्त ट्रेलर का पीछा कर टीपर रोड काली मंदिर के पास रोका गया। पुलिस टीम को देखकर वाहन से एक व्यक्ति कूदकर भाग गया, जबकि दो लोग पकड़े गए। कोयला परिवहन के संबंध में दस्तावेज मांगने पर वे पेश नहीं कर सके और गोलमोल जवाब देने लगे। ट्रेलर में चोरी का कोयला होने की आशंका पर कोयला लदे ट्रेलर को जब्त किया गया। वहीं मामले में चोरी का केस दर्ज कर पकड़े गए आरोपी सरफराज अहमद ;22द्ध व मोहम्मद साहिद,19 दोनों निवासी सोनभद्र उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया, जिन्हें कटघोरा न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, एक घायल

रायपुर (आरएनएस)। छेड़ीखेड़ी चर्च के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक में पीछे बैठी महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची मंदिरहसौद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेलर जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोरिद निवासी मृतिका दुर्गा चंद्राकर अपने परिचित के मिस्त्री हुलास राम साहू के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 केसी 8214 में सवार होकर कहीं जा रही थी। तभी छेरीखेड़ी चर्च के पास ट्रेलर वाहन क्रमांक ओआर 14 एन 9477 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक में पीछे बैठी महिला दुर्गा चंद्राकर की मौत हो गई। वहीं हुलासराम घायल है। मामले में पुलिस ने ट्रेलर जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री को ठाकुरदेव महोत्सव में शामिल होने का मिला न्यौता

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहाँ उनके निवास कार्यालय में धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया के नेतृत्व में राठिया (कंवर) समाज के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने प्रतिवर्ष की भांति समाज द्वारा रायगढ़ जिले के छाल तहसील के चन्द्रशेखरपुर (ऐन्डू) में 18 से 20 फरवरी तक आयोजित ठाकुरदेव महोत्सव में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री बघेल ने आमंत्रण के लिए प्रतिनिधि मंडल को धन्यवाद दिया।

दो सगे भाईयों ने की नाना की कुल्हाडी मारकर हत्या, दोनों आरोपी गिरफ्तार, खरसिया के ग्राम सोण्डका की घटना

❐ घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, डंडा व फावड़ा जब्त, भेजे गए रिमांड पर

❐ नाना से मिले मकान हथियाने करते थे झगड़ा

रायगढ़। थाना खरसिया अंतर्गत ग्राम सोण्डका में मकान विवाद को लेकर गांव के 62 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की उसके सगे दो नाती कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दिये, दोनों आरोपियों को खरसिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों पर घटना के एक दिन पूर्व मृतक की बहू द्वारा थाना खरसिया में 25 दिसंबर को उनके घर घुसकर आरोपियों द्वारा मारपीट, तोड़फोड़ की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। हत्या की सूचना पर तत्काल खरसिया पुलिस मौके पर पहुंची और एक आरोपी को हिरासत में लिया गया। एक आरोपी घटना के बाद से फरार था जिसकी गिरफ्तारी के लिये रात भर पुलिस दबिश देती रही, आज सुबह उसे भी गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के मुताबिक ग्राम सोण्डका निवासी गेंदलाल डनसेना (62 साल) का गांव में पुस्तैनी जमीन, मकान है जो पिछले 15-20 वर्षों से खरसिया में अपने परिवार सहित रहता है, गांव के घर, जमीन को उसका छोटा भाई राधे लाल डनसेना देखरेख करता है और वहीं अपने परिवार सहित रहता है। काफी पहले गेंदलाल डनसेना की बहन ननकी बाई डनसेना अपने पति को छोड़कर मायके आने पर गेंदलाल उसे अपने घर का एक कमरा रहने दिया, जहां ननकी बाई अपने दोनों नाती ओमप्रकाश डनसेना (24 साल) और कार्तिक डनेसना (19 साल) के साथ रहती थी। ननकी बाई को प्रधानमंत्री आवास का करीब डेढ लाख रूपये मिला था जिससे वह वहीं मकान बना रही थी। इस बात की जानकारी गेंदलाल डनसेना को होने पर उसने बहन ननकी बाई को रहने के लिये स्थान दिया है उसके नाती अपनी व्यवस्था करें कहने पर उसके नाती ओमप्रकाश डनसेना और कार्तिक डनेसना हम लोग घर में रूपये खर्च किये हैं, हम लोग मकान नहीं छोड़ेगे कहकर झगड़ा किये। 25 दिसंबर को ओमप्रकाश डनसेना और कार्तिक डनेसना मिलकर राधेलाल डनसेना के घर घुसकर झगड़ा विवाद कर राधेलाल की पत्नी जगदम्बा डनसेना के साथ मारपीट कर घर में तोड़फोड़ किये थे। उसी दिन घटना की रिपोर्ट जगदम्बा डनसेना ने थाना खरसिया में दर्ज करायी, रिपोर्ट पर आरोपी ओमप्रकाश डनसेना और कार्तिक डनेसना के विरूद्ध अप.क्र. 681/2022 धारा 294,506,323,452,427,34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर थाना खरसिया से उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम हमराह स्टाफ के साथ ग्राम सोण्डका आरोपियों की पतासाजी के लिये पहुंचे। दोनों फरार थे। दिनांक 26.12.2022 को घरेलू विवाद को लेकर ये पारिवारिक बैठक कर गेंदलाल को गांव सोण्डका बुलाये। गेंदलाल अपनी पत्नी, बेटे और अन्य रिस्तेदारों के साथ गांव सोण्डका पहुंचा, जहां मकान जमीन विवाद को लेकर घर के लोग आपस में बातचीत हो रहे थे। तभी ओमप्रकाश डनसेना और कार्तिक डनेसना घर पहुंचे और अपने वृद्ध नाना गेंदलाल को गाली गलौच कर हत्या की नियत से फावड़ा, डंडा लेकर मारपीट के लिये दौड़ाये। गेंदलाल कमरे अंदर जा छिपा तो , गैस सिलेंडर से दरवाजा को तोड़ने लगे और फिर दोनों कमरे अंदर घुसकर लोहे की टंगिया से गेंदलाल की हत्या कर दिये। सूचना पर तत्काल खरसिया पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर एक आरोपी कार्तिक डनसेना को हिरासत में लिया गया। मर्ग पंचनामा, पीएम आदि कार्रवाई कर मृतक गेंदलाल के बेटे छत्रपाल डनसेना के रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 684/2022 धारा 302, 34 आईपीसी दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा थाना खरसिया एवं चौकी खरसिया स्टाफ को सरगर्मी से आरोपियों की पतासाजी का निर्देश दिया गया। एसपी अभिषेक मीणा, एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय के दिशा निर्देशन, मार्गदर्शन पर रातभर फरार आरोपी ओमप्रकाश डनसेना की पतासाजी की गई, सुबह मुखबिर द्वारा आरोपी के नावापारा रोड़ पर देखे जाने की सूचना पर आरोपी को तत्काल पुलिस टीम हिरासत में लेकर थाना लाई। आरोपी रातभर खेत में छिपा होना और मकान विवाद को लेकर नाना गेंदलाल की हत्या करना कबूल किया है। आरोपी - ओम प्रकाश डनसेना उर्फ गोलू पिता तेरस डनसेना 24 साल, कार्तिक डनसेना पिता तेरस डनसेना उम्र 19 साल दोनों निवासी सोण्डका थाना खरसिया जिला रायगढ़ के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त टंगिया, डंडा, फावड़ा, गैस सिलेंडर तथा आरोपियों के घटना समय पहने कपड़े जप्त कर आरोपियों को अप.क्र. 681/2022 एवं 684/2022 में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम, चौकी प्रभारी खरसिया अमिताभ खांडेकर, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर, प्रधान आरक्षक शिव वर्मा, आरक्षक विशोप सिंह, कीर्ति सिदार, योगेश साहू, सत्य नारायण सिदार, सोहन यादव की अहम भूमिका रही है।

स्वास्थ्य शिविर में 1232 मरीजों का हुआ हेल्थ चेकअप, 53 मरीजों को उच्च संस्थान हेतु किया गया रेफर

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन में बीते 23 दिसम्बर को जिला स्तरीय वृहद समाधान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम लोईंग में किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, एसडीएम गगन शर्मा, सीईओ जनपद रूपेंद्र पटेल, एडिशनल सीईओ जनपद सनत नायक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर, डी.पी.एम सुश्री रंजना पैंकरा उपस्थित रही।

राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित किए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना को जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रति माह ऐसे शिविर का आयोजन किया जाता है। खंड चिकित्सा अधिकारी लोईग डॉ. हितेश जायसवाल एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक वैभव डियोडिया के समन्वय से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित उक्त शिविर में जनसामान्य हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 1232 हितग्राहियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी गई एवं 53 मरीजों को उच्च संस्था में रेफर किया गया। जिसमें मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ.पी. के.गुप्ता, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ.एन.के.बारा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.उपमा पटेल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. स्निग्धा दास, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.दिनेश पटेल, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश पटेल, चर्म रोग सलाहकार डॉ.विकास शर्मा, मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार संतोष पांडे, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.टोप्पो, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संयोगिता भगत, ऑडियोलॉजिस्ट चक्रधर पटेल उपस्थित रहे और मरीजों को अपनी सेवाएं दी। शिविर में लैब जांच, खून पेशाब जांच एवं आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया व कोविड टीकाकरण किया गया। चिरायु टीम डॉ.राजेश पटेल एवं डॉ.कृष्ण कमल चौधरी की टीम द्वारा रायपुर में इलाज के लिए मरीजों का चिन्हांकन किया गया।

उक्त शिविर में स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य शिविर प्रभारी डॉ. प्रदीप राठौर, डॉ. अविनाश गुप्ता, बी.ई.टी.ओ उम्मेद राम पटेल, विकासखंड लेखा प्रबंधक पवन प्रधान, विकासखंड डाटा प्रबंधक योगेश यादव, विकासखंड तकनीकी पर्यवेक्षक निर्मल प्रसाद के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोविड से निपटने जिला प्रशासन हुआ अलर्ट, कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन में जिला अस्पतालों में किया गया मॉक ड्रिल

रायगढ़। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर राज्य के सभी जिला अस्पतालों में मॉक ड्रिल किया जा रहा है। कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन में आज जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी, सिविल अस्पताल, मेडिकल कालेज में मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें कोरोना की तैयारियों जैसे मरीजों के लिए बिस्तरों की उपलब्धता, ऑक्सीजन बेड से लेकर, आईसीयू बेड, वेंटिलेटर बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि के बारे में जानकारी ली गई।

सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि मॉक ड्रिल हेतु कोविड-19 मरीजों को चिन्हाकिंत कर बेडो की व्यवस्था करना, आईसोलेशन बेड, आईसीयू बेड, वेंटिलेटर, मानव संसाधन, एंबुलेंस, टेस्टिंग किट, दवाईयों की व्यवस्था, आईटी टेली मेडिसीन सर्विस सर्विस सहित उपरोक्तानुसार डेटा का वेरीफिकेशन किए जाने हेतु विशेषज्ञों, चिकित्सकों तथा बायोमेडिकल इंजीनियर सहित टीम गठित कर प्रत्येक उपकरण के क्रियाशील होने की स्थिति एवं ड्रग्स/कंस्यूमेबल की उपलब्धता की भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। अस्पताल में आने वाले बुखार, खांसी एवं अन्य कोविड के लक्षण वाले मरीज का रेन्डम आधार पर टेस्ट करने व प्रथमत: आरटीपीसीआर की अनुपलब्धता होने पर एंटीजन एवं ट्रूनॉट टेस्ट किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 9 हजार आरटीपीसी आर, 20 हजार एंटीजेन एवं 8500 एन-95 मास्क किट उपलब्ध है। इसी तरह 10 हजार पीपीई किट, 504 ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर, 85 वेन्टीलेटर उपलब्ध है जिसमें 9 वेन्टीलेटर मरम्मत योग्य है। वाईपेप एवं सीपेप 70 उपलब्ध है एवं सभी क्रियाशील है, साथ ही वाईपेप, सीपेप में उपयोग होने वाले कंज्यूमेबल आदि आवश्यकता का आंकलन किया गया है। अभी वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन युक्त बेड उपकरणों सहित उपलब्ध है। हर ब्लाक में एम्बुलेंस की सुविधा है। पीएसए प्लांट जिले में 9 है जो कि क्रियाशील अवस्था में है। लोईंग तथा धरमजयगढ़ ब्लाक में आक्सीजन टयूरिटी का लेवल मानक अनुरूप नहीं पाया गया, जिसे दो दिवस के भीतर सुधार लिया जाएगा। इसी तरह जिले में कुल 1100 जम्बो आक्सीजन सिलेण्डर एवं 1000 आक्सीजन बेड उपलब्ध है। को-वैक्सीन के टीके लगभग 30 हजार उपलब्ध है। आज जिले के सभी पीएचसी, सिविल अस्पताल, जिला चिकित्सालय, मेडिकल कालेज सहित 56 जगहों पर मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल उपरांत समस्त जानकारी भारत सरकार के http://bit.iy/psamockdrill2 पोर्टल में एंट्री किया गया है।

हाई रिस्क वाली गर्भवतियों को चिन्हित कर उनके सुरक्षित प्रसव के लिए बनाएं व्यवस्था -कलेक्टर

❐ कलेक्टर साहू ने जिले में कोविड प्रबंधन की तैयारियां पूरी रखने के दिए निर्देश, कहा सभी रहे अलर्ट

❐ कलेक्टर रानू साहू ने ली समय-सीमा की बैठक

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर साहू ने कम हीमोग्लोबिन अथवा कम पोषण स्तर वाली हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन के भी निर्देश दिए। जिससे उन्हें जरूरी उपचार मुहैय्या कराते हुए उनके स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग हो और उनका प्लांड व सुरक्षित प्रसव कराया जा सके, ताकि जच्चे-बच्चे दोनों को पर्याप्त चिकित्सीय सहायता मिले और किसी भी संभावित खतरे को टाला जा सके। उन्होंने इसके लिए स्वास्थ्य के जमीनी अमले को सक्रिय करने के निर्देश दिए। समाधान शिविरों में इलाज के लिए आने वाले दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

कलेक्टर साहू ने धान खरीदी और उठाव की भी समीक्षा की। खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि लक्ष्य के 53 प्रतिशत की खरीदी अब तक की जा चुकी है। उठाव का कार्य भी लगातार जारी है, उठाव की गति बढ़ाने के लिए राइस मिलर्स को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर साहू ने उठाव पूरी तेजी से करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीदी केंद्रों के लिए नियुक्त किए गए नोडल ऑफिसर्स द्वारा निरीक्षण की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी अधिकारी नियमित रुप से खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करें, कहीं भी अव्यव्यस्था नही होनी चाहिए। सीमावर्ती इलाकों में भी नियमित निगरानी के लिए एसडीएम तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर साहू ने गौठानों में गोबर खरीदी और वर्मी कंपोस्ट निर्माण की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में चल रहे गौठान में गोठ कार्यक्रम के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जाए। जिससे अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ ले सकें।

कलेक्टर साहू ने विभिन्न देशों में बढ़ रहे कोविड के मामले के मद्देनजर जिले कोविड प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट्स, ऑक्सीजन बेड्स, वेंटिलेटर और मल्टी पैरा मीटर के बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह से जानकारी ली। बताया गया कि आज जिले के सारे अस्पतालों में मॉक ड्रिल किया जा रहा है, जिससे तैयारियों को परखा जा सके। कलेक्टर साहू ने सभी उपकरणों की टेस्टिंग के साथ उसका मेंटेनेंस पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शासन की जैसी गाइडलाइंस मिल रही हैं उसके मुताबिक अन्य सभी तैयारियां भी पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने टेस्टिंग के लिए भी समुचित व्यवस्थाएं करने के लिए कहा। टीकाकरण के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि वैक्सीन की उपलब्धता के साथ ही बूस्टर डोज लगाते जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को कोविड प्रबंधन के मद्देनजर अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पांडे सहित सभी एसडीएम, सीईओ जनपद व विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कोरोना से निपटने सारंगढ़ में चला मॉकड्रिल, जिला अस्पताल पहुंची कलेक्टर

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कोरोना को लेकर राज्य के सभी जिला अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जा रही है। वर्तमान में चीन, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों में कोरोना संक्रमण के मामले बढने के बाद भारत में भी कोरोना वायरस के नए वेरिएंट बीएफ. 7 से निपटने की तैयारी की जा रही है।

इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने सारंगढ़ जिला अस्पताल पहुंचकर स्थितियों का जायजा लिया। केंद्र सरकार के निर्देश पर आज जिला अस्पताल, सारंगढ़ में मॉकड्रिल की गई। इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में कोरोना की तैयारियों जैसे मरीजों के लिए बिस्तरों की उपलब्धता, ऑक्सीजन बेड से लेकर, आईसीयू बेड, वेंटिलेटर बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने ऑक्सीजन प्लांट का जायजा लिया, साथ ही उसकी क्षमता के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा ऑक्सीजन प्लांट से मैनीफोल्ड सेक्शन जहां ऑक्सीजन निर्माण करने के पश्चात उसे सिलेंडर में रखा जाता है, उस कक्ष की पड़ताल की। सीएमएचओ डॉ.एफ.आर.निराला ने बताया कि जिले में ऑक्सीजन सिलेंडर के कुल 2 प्लांट हैं जिसमें से एक सारंगढ़ और दूसरा बिलाईगढ़ में स्थित है।

जिला अस्पताल सारंगढ़ की तैयारियों के बारे में बताते हुए कहा कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर और कंसेंट्रेटर की उपलब्धता है। अस्पताल में कुल पचास बेड की क्षमता है जिसमें से चालीस बेड में ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था है। मॉकड्रिल के दौरान स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सड़क निर्माण के लिए वर्किंग साइट्स बढ़ाएं -कलेक्टर

❐ कलेक्टर रानू साहू ने ली सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क निर्माण कार्य में संलग्न विभागों एवं ठेकेदारों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने ठेकेदारों से कहा कि सड़क निर्माण की गति बढ़ाने अतिरिक्त टीम लगाएं और वर्किंग साइट बढ़ाएं, जिससे काम जल्द पूरा हो। निर्माण कार्य में कही भी बाधा आती है अथवा लॉ एंड ऑर्डर का मामला होता है तो तत्काल सूचित करें, ताकि समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर राजीव पांडे भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर साहू ने जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूंजीपथरा से घरघोड़ा तक सड़क निर्माण की गति धीमी है इसे बढ़ाई जाए। इसके लिए उन्होंने ठेकेदार को वर्किंग साइट बढ़ाने के लिए कहा। ईई पीडब्ल्यूडी ने बताया कि धरमजयगढ़ से जामपाली मार्ग में निर्माण कार्य चल रहा है, इसमें 13 किमी में डामरीकरण पूरा हो गया है। वहीं धरमजयगढ़ से आगे पत्थलगांव रोड पर भी अलग अलग पैच में काम शुरू किया गया है। घरघोड़ा से जामपाली तक भी कार्य चल रहा है। इसके साथ ही घरघोड़ा से छाल तक सड़क निर्माण में डब्ल्यूएमएम स्टेज पर है। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन सड़कों में अलग-अलग स्तर के कार्य हो रहे हैं।

कलेक्टर साहू ने कहा कि सड़कें गुणवत्तापूर्ण बननी चाहिए इसके लिए अच्छी क्वालिटी का मटेरियल उपयोग करें। जहां भू-अर्जन का इश्यू नही है, वहां काम की स्पीड बढ़ाएं। सभी अपने साप्ताहिक टारगेट को पूरा करें। निर्माण कार्यों में रूकावट आ रही है तो संबंधित विभागीय अधिकारी को शीघ्र सूचित करें, ताकि समस्याओं का निराकरण किया जा सके। सभी निर्माण विभागों के इंजीनियर्स अपने क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का रेगुलर अपडेट संबंधित एसडीएम को दें। इस दौरान ठेकेदारों ने बताया कि कुछ स्थानों में मटेरियल की कमी के कारण कार्य धीमा हो रहा है। जिस पर कलेक्टर साहू ने माइनिंग ऑफिसर को मटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा, साथ ही सड़कों के निर्माणधीन हिस्सों में वाहनों की आवाजाही को मैनेज करने के निर्देश दिए।

दूसरे के सहारे जनदर्शन में आया था अविनाश मिला ट्रायसायकिल का सहारा

❐ सुभाष को मिला मौके पर श्रवण यंत्र, तो रमिला का बना राशन कार्ड

रायगढ़। रायगढ़ के बैकुण्ठपुर निवासी 22 वर्षीय दिव्यांग अविनाश पाण्डेय दूसरे के सहारे जनदर्शन में ट्रायसायकल की मांग हेतु आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर रानू साहू ने उनके आवेदन पर शीघ्र ही कार्यवाही करते हुए उन्हें नया ट्रायसायकिल प्रदाय किया। उन्होंने बताया कि वह मोबाईल रिपेयरिंग का काम करते है। जिसकी वजह से उन्हें कई बार मार्के ट सामान लेने जाना पड़ता है। उनके पास एक ट्रायसायकिल तो है, लेकिन वह काफी पुराना होने की वजह से चलाने में दिक्कत हो रही थी। जिसके कारण उन्हें कही आने-जाने में समस्या होती थी और उन्हें हर वक्त दूसरे के सहारे जाना पड़ता था। आज वे पहली बार जनदर्शन में आवेदन लेकर आये थे और उन्हें जनदर्शन में ट्रायसायकिल का सहारा मिल गया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर को अपना धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुंजारा निवासी रमिला पैंकरा के आवेदन पर कलेक्टर साहू ने उन्हें मौके पर अन्त्योदय अन्न योजना/विशेष कमजोर समूह का राशन कार्ड प्रदाय किया। वार्ड नंबर 14 खरसिया निवासी सुभाष अग्रवाल जो कि कम सुनते है, वे भी जनदर्शन में आये थे। कलेक्टर साहू ने मौके पर ही उन्हें एक सेट श्रवण यंत्र प्रदाय किया।

रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में आज दोपहर कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन हुआ। जनदर्शन में आवेदक अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर साहू ने सभी आवेदनों को देखा और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े एवं राजीव पाण्डेय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत कोतमरा, जनपद पंचायत पुसौर के सरपंच अमीन कुमार पटेल सूपा से कुसमुरा रोड निर्माण में ग्राम पंचायत कोतमरा के बोर (ट्यूबेल) विस्थापन की राशि पीएचई विभाग द्वारा प्रदान में विलंब हेतु निराकरण के संबंध आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर साहू ने जनपद सीईओ को उनके आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम रूचिदा के ग्रामीण नल-जल योजना के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि उनके मोहल्ले में एक बोरबेल तो है लेकिन वह बिगड़ गया है, जिसकी वजह से उन्हें पीने के पानी के लिए समस्या हो रही है। उन्होंने बताया कि उसी गांव में अन्य जगह नल-जल योजना की पाईप बिछी हुई है। कलेक्टर साहू ने पीएचई विभाग को आवेदन पर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480